दिन–रविवार    दिनांक– 28 / 04 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।    अवधि– 15 मिनट

---

01. लोकसभा चुनाव के तीसरे और चौथे चरण के चुनाव के लिए चुनाव प्रचार तेज हुआ। भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह कल झंझारपुर के लौकहा और बेगूसराय में जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

02. चौथे चरण के लिए दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय और मुंगेर में नामांकन वापसी का कल अंतिम दिन। छठे चरण की अधिसूचना कल जारी होगी।

03. गोपालगंज जिले के सिधवलिया में भीषण सड़क दुर्घटना में चुनाव कर्मियों के दल में शामिल तीन पुलिस जवानों की मौत और बारह घायल।

04. और, प्रदेश में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी। मौसम विभाग ने कहा– दक्षिण बिहार के अधिकांश हिस्सों में अगले दो दिनों तक अधिकतम तापमान बयालीस से चौवालीस डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना।

———————————————————————

लोकसभा चुनाव के दौरान तीसरे और चौथे चरण के लिए चुनाव प्रचार जोरों पर है। दोनों गठबंधनों एनडीए और महागठबंधन के नेता अपने अपने उम्मीदवारों के पक्ष में चुनावी सभा, रोड शो कर रहे हैं और जन संपर्क अभियान चला रहे हैं। राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने आज सुपौल और सहरसा में महागठबंधन के प्रत्याशियों के समर्थन में चुनाव प्रचार किया। सहरसा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए श्री यादव ने कहा कि एनडीए सरकार ने सहरसा क्षेत्र के विकास के लिए कोई काम नहीं किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के नेता जोड़ तोड़ में लगे रहते हैं।

———बाईट———

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने महाराजगंज सहित कई क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इधर, भाजपा के वरिष्ठ नेता और उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने मुंगेर लोक सभा क्षेत्र अंतर्गत लखीसराय के हलसी में एनडीए प्रत्याशी के समर्थन में जनसंपर्क अभियान चलाया। श्री सिन्हा ने आरोप लगाया है कि महागठबंधन के पास चुनावी मुद्दे नहीं हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास कार्यों का दायरा इतना बड़ा है कि समाज के सभी वर्गों का ख्याल रखा गया है।

———बाईट———

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है लोक सभा चुनाव के पहले और दूसरे चरणों में महागठबंधन के प्रत्याशियों को जमानत बचाना भी मुश्किल होगा।

–––बाईट–––

इधर, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल झंझारपुर संसदीय क्षेत्र के लौकहा और बेगूसराय संसदीय क्षेत्र में एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में अलग–अलग जन सभाएं करेंगे। वहीं, जनता दल यूनाइटेड के प्रमुख सह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी कल विभिन्न संसदीय क्षेत्रों में कई जनसभाओं को संबोधित करेंगे। श्री कुमार कल अररिया के रानीगंज, झंझारपुर के लौकहा, मधेपुरा के आलमनगर और खगड़िया के बेलदौर में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री इसके अलावा शिवहर लोकसभा क्षेत्र में जदयू की प्रत्याशी के समर्थन में ढाका में एक जनसभा को संबोधित करेंगे।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के चुनाव के लिए दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय और मुंगेर संसदीय क्षेत्रों में नाम वापसी का कल अंतिम दिन है। इन संसदीय क्षेत्रों में चौरासी उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किये थे। जिसमें छप्पन उम्मीदवारों के नामांकन पत्र वैध पाये गये हैं, जबकि अट्ठाईस उम्मीदवारों के नामांकन पत्र को रद्द कर दिया गया है। इस चरण का मतदान तेरह मई को होगा।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

और अब सुनते है राज्य के संसदीय निर्वाचन–क्षेत्रों के राजनीतिक परिदृश्य पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष श्रृंखला। आज बात बेगूसराय लोकसभा सीट की। बेगूसराय बिहार के उन पांच संसदीय निर्वाचन–क्षेत्रों में से एक है, जहां चौथे चरण में तेरह मई को मतदान होना है। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

कभी बिहार के लेनिनग्राद के रूप में मशहूर रहे बेगूसराय लोकसभा क्षेत्र का राजनीतिक परिदृश्य अब काफी बदल चुका है। वर्ष दो हजार चौदह से इस सीट पर भाजपा का कब्जा है। वर्ष दो हजार चौदह में यहां से भाजपा के भोला सिंह को जीत मिली थी। वहीं, पिछले लोकसभा चुनाव से इस सीट पर भाजपा के गिरिराज सिंह को विजय मिली थी। श्री सिंह अभी केन्द्रीय मंत्रिमंडल में भी शामिल हैं। भाजपा ने एक बार फिर गिरिराज सिंह पर भरोसा जताते हुये उन्हें चुनावी मैदान में उतारा है। उनके सामने हैं – इंडी गठबंधन से सीपीआई के अवधेश कुमार राय। श्री राय जिले के बछवाड़ा विधानसभा क्षेत्र का तीन बार प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। मुख्य मुकाबला भी इन्हीं दोनों प्रत्याशियों के बीच माना जा रहा है। भौगोलिक दृष्टिकोण से देखे तो बेगूसराय लोकसभा क्षेत्र के अन्तर्गत सात विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इनमें से दो विधानसभा क्षेत्रों पर सीपीआई, दो पर राजद, एक पर जदयू और दो पर भाजपा का कब्जा है। तेघड़ा और बखरी विधानसभा सीट पर सीपीआई और चेरियाबरियारपुर तथा साहेबपुर कमाल सीट पर राजद के विधायक हैं। वहीं, बछवाड़ा और बेगूसराय विधानसभा क्षेत्र पर भाजपा और मटिहानी पर जदयू का कब्जा है। बिहार की औद्योगिक राजधानी के रूप में जाने जाने वाले बेगूसराय में विकास आज भी प्रमुख चुनावी मुद्दा है। भाजपा प्रत्याशी गिरिराज सिंह केन्द्र सरकार की उपलब्धियों को लेकर आम लोगों के बीच जा रहे हैं। वे लोगों के बीच मोदी की गारंटी की बात करते हैं। वहीं, इंडी गठबंधन के प्रत्याशी अवधेश कुमार राय महंगाई और बेरोजगारी के साथ–साथ क्षेत्र के पिछड़ेपन को लेकर

वोटरों को गोलबंद करने में जुटे हैं। साथ ही श्री राय गिरिराज सिंह को बाहरी बताकर स्थानीय बनाम बाहरी का नारा भी बुलंद कर रहे हैं। यह देखना काफी दिलचस्प होगा कि गिरिराज सिंह इस सीट से लगातार दूसरी बार जीत हासिल करने में सफल होते हैं या फिर जनता किसी नये चेहरे पर अपना विश्वास जताती है। आकाशवाणी समाचार के लिए बेगूसराय से मैं विजय कुमार झा।

———————————————————————————

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एच. आर. श्रीनिवास ने कहा है कि वोट का बहिष्कार करने वाले क्षेत्रों में दोबारा मतदान नहीं कराया जायेगा। राज्य के पुलिस नोडल पदाधिकारियों की उपस्थिति में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से लोकसभा निर्वाचन दो हजार चौबीस के शेष चरणों में होने वाले चुनाव को लेकर समीक्षा बैठक हुई। बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि दूसरे चरण में ग्यारह मतदान केन्द्रों पर लोगों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर वोट का बहिष्कार किया है। श्रीनिवास ने कहा कि दोनों चरणों में अब तक सत्रह मतदान केन्द्रों पर वोट नहीं डाले गये हैं। उन्होंने कहा कि सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारियों को मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने का निर्देश दिया गया है। श्रीनिवास ने कहा कि मतदाताओं को मतदान केन्द्रों पर लाने के लिए चुनाव आयोग के निर्देश के अनुसार व्यवस्था करने को कहा है।

———————————————————————————

दरभंगा जिले में आज भारत स्काउट गाईड के कैडेटों ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत समाहरणालय परिसर से साइकिल रैली निकाली, जो शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरी।

मुंगेर जिले में मतदाता जागरूकता के लिए लगातार स्वीप अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसी क्रम में धरहरा प्रखंड के नक्सल प्रभावित मतदान केंद्र संख्या– नब्बे और इक्यानवे के मध्य विद्यालय गौरेया और प्रथामिक विधालय इनरवाटांड़ में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर स्वीप आइकन श्रीजा सेनगुप्ता ने लोगों को जागरूक किया। उन्होंने लोगों से आगामी तेरह मई हो होने वाले मतदान में भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की।

———————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पिछले दस वर्षों में उनकी सरकार ने किसान उत्पादक संगठन के माध्यम से छोटे किसानों की लागत कम करने और कृषि उपज के लिए बाजार खोलने में सहायता की है। श्री मोदी ने कर्नाटक के बेलगावी में आज एक चुनाव सभा में कहा कि वित्तीय सहायता से दस

करोड़ से अधिक महिला स्वंय सहायता समूहों को लाभ हुआ है। उन्होंने कहा कि किसानों को ईंधन में इथेनॉल मिश्रण से सत्तर हजार करोड़ रुपये की आमदनी हुई है। श्री मोदी ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा पारित भारतीय न्याय संहिता क़ानून से व्यवस्था का बेहतर प्रबंधन होगा।

---बाईट---

भारत में न्याय संहिता में दंड को नहीं बल्कि नागरिकों को न्याय मिलने को प्राथमिकता दी गई है। इसमें आतंकवाद से जुडे कानूनों को सख्त किया गया है दूसरे पर अत्याचार से जुडे कानूनों को कडा बनाया गया है। भारतीय साक्ष्य अधिनियम में इलेक्ट्रॉनिक एविडेंस को लेकर नया प्रावधान किए गए हैं। एक जुलाई से लागू होने के बाद यह संहिता देश के हर नागरिक को बहुत मदद करने वाली है।

---

गोपालगंज जिले में भीषण सड़क हादसे में आज तीन पुलिस कर्मियों की मृत्यु हो गयी। यह हादसा आज सुबह सिधवलिया थाना क्षेत्र के बरहिमा मोड़ के पास राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–सत्ताईस पर हुआ। जब लोकसभा चुनाव ड्यूटी करने जा रहे पुलिस जवानों से भरी तीन बसों में एक कंटेनर वाहन ने टक्कर मार दी। गोपालगंज के पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने बताया कि हादसे में बारह पुलिस जवान घायल हुए हैं। ये सभी चुनाव ड्यूटी के लिए सुपौल जा रहे थे।

---बाईट---

पुलिस कर्मियों की मौत पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गहरा दुःख जताया है। उन्होंने घायल जवानों को बेहतर इलाज के लिए अधिकारियों को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं।

---

प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है। औरंगाबाद, शेखपुरा, खगड़िया, नवादा, बांका और भागलपुर जिलों के कुछ स्थानों पर लू जैसी स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग ने पटना, मुजफ्फरपुर और शेखपुरा में भीषण लू की स्थिति को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने कहा है कि दो मई तक भीषण गर्मी से राहत के आसार नहीं है। कल भी राज्य के कई हिस्सों में हॉट–डे रहने से भीषण गर्मी पड़ने की आशंका है। औरंगाबाद, दरभंगा, शेखपुरा, सुपौल, नवादा और बांका जिले में कल और परसों गर्मी का प्रकोप जारी रहेगा। वहीं, पटना, पूर्णिया, मुजफ्फरपुर, गोपालगंज, जमुई, भोजपुर, नालंदा, सीवान, अरवल और भागलपुर जिले में लू की स्थिति बनी रहेगी। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक एस. के. पटेल ने अगले अड़तालीस घंटों के दौरान

दक्षिण बिहार के ज्यादातर हिस्सों में अधिकतम तापमान बयालीस डिग्री से चौवालीस डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है।

———बाईट———

इधर, आपदा प्रबंधन विभाग ने भीषण गर्मी के प्रकोप को देखते हुए लोगों से अत्यधिक सतर्कता बरतने की अपील की है। चिकित्सकों ने गर्मी से बचाव के लिए सूती और हल्के रंग के ढीले–ढाले कपड़े पहनने का परामर्श दिया है। इस दौरान लोगों से लगातार पानी पीने और दिन के समय कड़ी धूप में बाहर नहीं निकलने की अपील की गयी है।

———————————————————————————

भीषण गर्मी के बीच आज राज्य के अलग–अलग हिस्सों में अगलगी की घटनाओं में लाखों रूपये मूल्य की संपत्ति जलकर राख हो गयी और कई मवेशी गंभीर रूप से झुलस गए। शेखपुरा जिले के कुसुंभा थाना क्षेत्र के बेलदरिया गांव में अग्नि दुर्घटना में दो घर जलकर राख हो गये। वहीं, जिले के सिरारी थाना क्षेत्र अंतर्गत ओठवां गांव के बधार में शॉर्ट सर्किट से आग लग गयी। इस घटना में पंद्रह बीघे में लगी गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गयी। इधर, दरभंगा जिले में बहेड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत बलिगांव पंचायत में भीषण अग्नि दुर्घटना में एक दर्जन से अधिक घर जलकर राख हो गये। खगड़िया जिले के चौथम प्रखंड क्षेत्र में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने से पांच घर जलकर राख हो गये। वहीं, बक्सर के सिमरी में भी अगलगी की घटना में लाखों रूपये मूल्य की फसल जलकर नष्ट हो गयी।

———————————————————————————

इधर, बक्सर और चौसा रेलवे स्टेशन के बीच भवानी करमपुर हॉल्ट पर दोनों ओर झाड़ियों में आग लगने से एक घंटे तक रेलगाड़ियों के परिचालन रोके रखना पड़ा। बाद में दमकल वाहनों द्वारा आग पर काबू पाया गया।

———————————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा इंटरमीडिएट विशेष परीक्षा और इंटरमीडिएट कम्पार्टमेन्टल परीक्षा– दो हजार चौबीस का आयोजन कल से होगा। यह परीक्षा ग्यारह मई तक चलेगी।

———————————————————————————

बेगूसराय जिले की एक निचली अदालत ने दोहरे हत्याकांड में दोषी करार चार लोगों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने रामनंदन पासवान, ऋषि राजकुमार, मुन्नू सिंह और अखिलेश सिंह को यह सजा सुनाई। इसके साथ चारों पर पच्चीस–पच्चीस हजार रूपये का अर्थदंड भी लगाया है।

———————————————————————————

पश्चिम चम्पारण जिले में पुलिस ने गोपालपुर थाना क्षेत्र के मानपुर गांव से दो तस्करों को इकतालीस किलोग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों तस्कर गांजा के इस खेप को नेपाल से लेकर आ रहे थे।

———————————————————————————

पटना स्थित मनेर में कल देर रात अपराधियों ने एक ईंट भट्ठा के मालिक की गोली मारकर हत्या कर दी। इस घटना में मृतक का भतीजा भी गंभीर रूप से घायल हो गया।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर

01. लोकसभा चुनाव के तीसरे और चौथे चरण के चुनाव के लिए चुनाव प्रचार तेज हुआ। भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह कल झंझारपुर के लौकहा और बेगूसराय में जनसभाओं को संबोधित करेंगे।
02. चौथे चरण के लिए दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय और मुंगेर में नामांकन वापसी का कल अंतिम दिन। छठे चरण की अधिसूचना कल जारी होगी।
03. गोपालगंज जिले के सिधवलिया में भीषण सड़क दुर्घटना में चुनाव कर्मियों के दल में शामिल तीन पुलिस जवानों की मौत और बारह घायल।
04. और, प्रदेश में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी। मौसम विभाग ने कहा– दक्षिण बिहार के अधिकांश हिस्सों में अगले दो दिनों तक अधिकतम तापमान बयालीस से चौवालीस डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।